प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 15.04.2026

- **थाना रूरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए ऑटो में यात्रा के दौरान महिला के गले से मंगलसूत्र चोरी करने वाली 01 अभियुक्ता को चोरी के सामान के साथ किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 14.04.2026 को वादिनी द्वारा ऑटो में यात्रा करने के दौरान बगल में बैठी अज्ञात महिला चोर द्वारा वादिनी के गले से एक सोने की चेन व एक मंगलसूत्र काटकर चोरी कर लेने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर थाना रूरा पर मु0अ0सं0 109/2026 धारा 303(2) बीएनएस0 बनाम अज्ञात महिला चोर पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 15.04.2026 को चैकिंग के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर रुरा स्थित इण्डियन ऑयल पैट्रोल पम्प के सामने नहर पटरी के पास से संदिग्ध महिला को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मुस्कान पुत्री रमेश किसान निवासिनी ग्राम बनकुई सकवाई थाना मोहमदाबाद जनपद फर्रूखाबाद (फतेहगढ़) बताया तथा उसके कब्जे से चोरी किया गया 01 पैंडेंट(मंगलसूत्र) पीली धातु बरामद किया गया। अभियुक्ता की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस0 की बढोत्तरी की गयी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण –

मुस्कान पुत्री रमेश किसान निवासिनी ग्राम बनकुई सकवाई थाना मोहमदाबाद जनपद फर्रूखाबाद (फतेहगढ़) उम्र करीब 19 वर्ष

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 109/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना रूरा जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी-

01 पैंडेंट पीली धातु (मंगलसूत्र)

पूछताछ- अभियुक्ता ने पूछताछ में बताया कि कल मैं नहर पुल से ऑटो में अकबरपुर जाने की लिए बैठी थी। मेरे बगल में बैठी महिला ऑटो में अपने छोटे बच्चे को सम्हालने में व्यस्त थी, मैंने उससे बातचीत की और उसके नजदीक रहकर उसके गले से मंगलसूत्र को छोटा ब्लेडनुमा पैनी चीज से काटकर चोरी कर लिया था, मैं जैसे ही चोरी करके ऑटो से उतरी तो, उन लोगों को मुझ पर शक हो गया, मैं जल्दी से बाजार में छिपते-छिपाते हुए रेलवे स्टेशन पर रातभर छिपकर रही। आज मौका पाकर वहाँ से निकलकर घर जाने के लिये झींझक की तरफ जा रही थी, तभी आपने मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार करने वाली थाना रूरा पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री विनोद कुमार
2.का0 884 सुधीर छौंकर
3.म0का0 1232 जया यादव
4. म0का0 1186 राखी सिकरवार